राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम– डाटा एंट्री ऑपरेशंस

पाठ 3: वर्ड प्रोसेसिंग के मूलभूत तथ्य

कार्यपत्रक - 3

1. सीता को एक मौजूदा दस्तावेज खोलने की जरूरत है जो उनके सिस्टम में है। मौजूदा दस्तावेज़ खोलने हेतु चरण लिखें।

2. ऋत्विक दस्तावेज़ को एक और नाम के साथ सहेजना चाहता है। कार्य को पूर्ण करने के हेतु चरणों को लिखें।

3. तरुण क्विक एक्सेस टूलबार को कस्टमाइज़ करना चाहती है और इसमें न्यू और ओपन के विकल्प जोड़ना चाहता है। क्विक एक्सेस टूल बार को कस्टमाइज़ करने के लिए उपयोग किए जाने वाले चरणों का उल्लेख करें।

4. कविता ने 'मेरा उद्देश्य' नामक एक दस्तावेज तैयार किया। उसके दोस्त ने उससे दस्तावेज़ साझा करने का अनुरोध किया। लेकिन, वह नहीं चाहती कि उसकी सहेली कंटेंट में बदलाव करे। वह इसे कैसे हासिल कर सकती है?

5. अयान ने अपना काम पूरा कर लिया और अपने शिक्षक को सौंप दिया। उनके शिक्षक ने समीक्षा की तथा उनके असाइनमेंट के दस्तावेज़ में उनकी टिप्पणी दी है। उनके शिक्षक ने जिस सुविधा का उपयोग किया है उसका नाम क्या है? उन्होंने अपनी टिप्पणियाँ कैसे जोड़ी होंगी?

6. अक्षिता ने एमएसवर्ड में एक फाइल बनाई है। दस्तावेज़ को अनधिकृत पहुंच से बचाने के लिए उसने फ़ाइल को सहेजने और संशोधित करने के लिए पासवर्ड का उपयोग किया। अब उसे लगता है कि किसी और के पास इन पासवर्डों की पहुंच है। पासवर्ड बदलने के लिए अक्षिता को जिन चरणों का पालन करना चाहिए, उन्हें लिखें।

7. बैक टू बैक प्रिंटिंग का उपयोग करके माइक्रोसॉफ्ट वर्ड डॉक्यूमेंट फाइल के पहले चार पेज प्रिंट करने के लिए चरण लिखें।

8. आदित्या एमएसवर्ड पर एक लेख लिखना चाहते हैं। निम्नलिखित कार्यों के लिए उपयुक्त चरणों को लिखें:

   i. वह इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए नए शब्दों का उपयोग करना चाहता है। उपयुक्त पर्यायवाची शब्दों के साथ उसे बदलने में उसकी मदद करें।

   ii. वह D ड्राइव में फाइल सेव करना चाहता है।

9. विक्रम ' वृक्ष बचाओ' पर एक लेख लिख रहे हैं। शॉर्टकट कुंजियों का उपयोग करके उसे निम्न करने में मदद करें:

    i. पाठ को 'जस्टिफाई' करें।

    ii. शीर्षक BOLD और UNDERLINED बनाएं।

    iii. अपने दस्तावेज़ में किसी शब्द को दूसरे शब्द से बदलें।

    iv. फाइल सेव करें।

10. कागज की एक शीट में दस्तावेज़ के कई पृष्ठों को छापने के चरणों को लिखिए।